## खबर संक्षेप

### कैसे चल पा रहे भारी-भरकम वाहन



**मण्डला।** नियम के अनुसार सड़क पर निर्धारित भार क्षमता के वाहन ही परिवहन कर सकते हैं लेकिन मण्डला की तो बात ही निराली है यहां जो सड़कें 8 टन भार सह सकने की क्षमता वाली निर्माण की जाती है उन पर 70 से 80 टन भार लिये वाहन गुजर रहे हैं। ऐसा कैसें हो पा रहा है और इसके लिये कौन जिम्मेदार है इन वाहनों की आवाजाही से जहां एक ओर सड़कें दम तोड़ रही हैं तो वहीं आये दिन दुर्घटनायें भी घट रही हैं। आखिर जिम्मेदारों ने क्यों आंखे बंद कर रखी हैं। क्या परिवहन विभाग को इसकी जानकारी नहीं है जबकि ये भारी-भरकम वाहन मण्डला से दूसरे राज्यों तक जा रहे हैं ऐसे में यह तो संभव ही नहीं कि पुलिस की नजरों से ये छुपे हों या फिर खनिज विभाग को इसकी जानकारी न मिल पा रही हो। कहीं न कहीं यदि ऐसा हो रहा है तो शासन के इन विभागों में ही आपसी परामर्श या जानकारी का आदान-प्रदान नहीं हो रहा या फिर दूसरी भाषा में कहें तो सब कुछ लेन-देन की संस्कृति के अंतर्गत जारी है। खनिजों से भरे ये वाहन बिना किसी रोक-टोक के भीड़ भरे रास्तों से गुजर रहे हैं समझा जा सकता है कि इन पर किनकी और कितनी मेहरबानी हो रही है।

### अभ्यर्थियों की बैठक आज अपरान्ह 4:30 बजे से

**मण्डला।** भारत निर्वाचन आयोग के केन्द्रीय प्रेक्षक द्वारा जिला योजना भवन सभाकक्ष में मंडला संसदीय क्षेत्र के सभी अभ्यर्थियों की बैठक 30 मार्च 2024 को अपरान्ह 4:30 बजे से रखी गई है। बैठक में संबंधितों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

## नहीं लागू हो सकती मण्डला में छटवीं अनुसूची

# हरिभूमि की वोट यात्रा 2024





*** नगर के नेहरू पार्क में हुआ आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

आदिवासी बाहुल्य जिला मण्डला वर्षो से विकास की बाट जोह रहा है यही कारण है कि आज भी अति पिछड़े जिलों की श्रेणी में इसे जाना जाता है। मण्डला का विकास क्यों नहीं हुआ यह तो अध्ययन का विषय है लेकिन हमेंशा से केन्द्र एवं राज्य की सरकारों ने मण्डला को न केवल प्रतिनिधित्व दिया है बल्कि आवंटन के मामले में भी कोई कोर-कसर नहीं रखी है। राजनैतिक शून्यता और जनता की जागरूकता शायद बड़ा कारण है जिसके चलते इस क्षेत्र के लोगों का हक मारा गया। पहले बैगा जनजाति के विकास के नाम पर अरबो-खरबों रूपये का बजट आया लेकिन बैगा जनजाति का विकास नहीं हुआ। उसके बाद आदिवासी उत्थान को लेकर भी बजट में कहीं कोई कमी नहीं की गई बावजूद इसके विकास कहीं नजर नहीं आ रहा। अब जबकि एक बा पुनः केन्द्र की सरकार चुनी जानी है तो फिर जनता के बीच यह प्रश्न तो उठेगा ही कि विकास यदि नहीं हुआ तो क्यों नहीं हुआ और इसके पीछे क्या कारण है।

इन्हीं ज्वलंत प्रश्नों को लेकर हरिभूमि आईएमएच द्वारा वोट यात्रा का आयोजन किया गया यह आयोजन नर्मदा जी के तट पर नेहरू पार्क में हुआ जहां भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, भारत आदिवासी पार्टी, गौंड़वाना गणतंत्र पार्टी, सपाक्स एवं आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधि मौजूद रहे इसके अलावा बड़ी संख्या में समाजसेवी, मीडिया जगत के लोग एवं नगर के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। आईएनएच हरिभूमि के एंकर अनुराग मालवीय ने जनता के बीच जाकर यहां के ज्वलंत मुद्दों पर न केवल सत्ता पक्ष से तीखे सवाल पूछे बल्कि अन्य पार्टियों से भी उनके रोड मेप एवं नीतियों को लेकर चर्चा की।

### अनुसूची पर स्पष्टीकरण

पिछले दिनों कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का मण्डला आगमन हुआ और इसी दौरान उन्होंने मीडिया के प्रश्नों का जबाव देते हुये छटवीं अनुसूची पर यह बयान दिया कि 80 फीसदी आदिवासी आबादी होने पर इसे लागू किया जायेगा जिसका लोगों में विरोध देखा गया कमोवेश यही स्थिति विधानसभा चुनाव के दौरान निर्मित हुई थी जब कांग्रेस की बड़ी नेता प्रियंका गांधी ने रामनगर में छटवीं अनुसूची लागू करने की बात कह दी थी जिसका परिणाम भी कांग्रेस को भुगतना पड़ा। वोट यात्रा 2024 के दौरान आदिवासी प्रतिनिधियों ने यह स्वीकारा कि मण्डला में ऐसी कोई भी परिस्थिति नहीं है कि यहां पर छटवीं अनुसूची लागू की जाये या लागू हो सके और न ही आदिवासी समाज इसकी मांग कर रहा है। लिहाजा चुनावों में इस तरह के मुद्दों को न लाया जाये जिससे सामान्य वर्ग और आदिवासी वर्ग के बीच किसी तरह की सामाजिक समरसता प्रभावित हो। फिलहाल पांचवीं अनुसूची पर ही विवाद है तो छटवीं कहां से लागू हो सकती है।

### राजनैतिक इच्छा शक्ति पर भी उठे सवाल

मण्डला में स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क बड़े मुद्दे हैं स्वास्थ्य के नाम पर यहां के लोग आज भी महानगरों की स्वास्थ्य सुविधा पर ही आश्रित है स्वास्थ्य विभाग के लिये भारी भरकम बजट आवंटित होता है लेकिन सुविधा के नाम पर आज भी शून्यता है। जिला चिकित्सालय मण्डला जिसे आईएसओ प्रमाण पत्र प्राप्त है जहां भारी-भरकम और नवीनतम मशीनें मौजूद हैं उसके बावजूद थोड़ी सी बीमारी पर ही मरीजों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जाता है। यह स्थिति पिछले 20 वर्षो से जस की तस है। इसके अलावा मण्डला-जबलपुर सड़क मार्ग पिछले 08 वर्षो से निर्माण की स्थिति में ही है इस पर भी लगातार प्रश्न उठते रहे हैं और राजनैतिक नेतृत्व सवालों के घेरे में आता रहा है। शिक्षा की बात करें तो ग्रामीण क्षेत्रों की शालाओं में अतिथि शिक्षकों के सहारे ही स्कूल संचालित हो पा रहे हैं जबकि नगर की शालाओं में आवश्यकता से अधिक शिक्षक पदस्थ हैं। अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं और राजनैतिक नेतृत्व मूकदर्शक बना हुआ है। वर्षो से ग्रामीण क्षेत्रों में गणित, विज्ञान के शिक्षक नहीं है ऐसे में हम यदि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को नीट एवं इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आगे बढ़ाने की बात करें तो यह संभव कहां से होगा।

### मेडिकल कॉलेज का मुद्दा रहा हावी

भाजपा द्वारा लगातार जिले को मेडिकल कॉलेज की सौगात दिये जाने का दावा किया जाता रहा है वहीं कांग्रेस अपने 15 महीने की सरकार की इसे उपलब्धि बताता है वर्षो तक निर्माण की बाट जोहता मेडिकल कॉलेज अब जाकर प्रारंभ होने की स्थिति में लेकिन फिर भी संशय बरकरार है। वोट यात्रा के दौरान इस मुद्दे पर जमकर बहस हुई सत्ता पक्ष ने इसे अपनी उपलब्धि बताकर पीठ ठोकना चाही तो वहीं विपक्ष ने उसे आड़े हाथों लिया। वर्षो के विलम्ब को लेकर कारण भी पूछा। जनता के बीच से यह बात प्रमुखता से उठकर सामने आई कि राजनेताओं की दृढ़ इच्छा शक्ति और जनता का सीधापन ही विकास की दौड़ में पिछड़े होने का बड़ा कारण है दूसरा कारण सामान्य वर्ग के लिये एक भी विधानसभा सीट न होना भी मुद्दा है जिस तरह से पिछली दफा परिसीमन में होशियारी कर मण्डला विधानसभा के आस्तित्व के साथ खिलवाड़ किया गया तो अब जब दूसरा परिसीमन हो उसमें जनगणना के हिसाब से कम से कम एक सीट तो सामान्य वर्ग के लिये रखी जाये सीटों की संख्या को 3 से 4 किया जा सकता है 3 सीट भले ही आदिवासी वर्ग के लिये आरक्षित हों लेकिन 1 सीट तो ऐसी हो जिसमें सामान्य वर्ग भी अपना प्रतिनिधित्व कर सके।



हरिभूमि आईएनएच की टीम ने कार्यक्रम के तुरंत बाद पार्क में चलाया स्वच्छता अभियान

### दतला नाला में मिले युवक के शव को लेकर खुलासा

**घुघरी।** दिनाँक 28/11/23 को थाना घुघरी में ग्राम दानीटोला के दतला नाला में पास दानीटोला निवासी गया प्रसाद बघेल की लाश नाले होने की सूचना पर घुघरी पुलिस द्वारा घटना स्थल पर मिले साक्ष्यों एवं चिकित्सक रिपोर्ट के आधार पर गला दबाकर व सिर मे चोट पहुंचाकर हत्या किया जाना पाया गया। विवेचना के दौरान पुलिस टीम को मुखबिर एवं जमीन स्तर पर प्राप्त जानकारी के अनुसार परदेशी साहू की घटना में सलिप्तता की बात सामने आयी पुलिस टीम द्वारा तथ्यों का बारिकी से विश्लेषण कर तकनिकी साक्ष्य जुटाये गये। पुलिस टीम द्वारा प्राप्त जानकारी व तथ्यों के आधार पर आरोपियों को घेराबंदी कर पुलिस अभिरक्षा में लेकर पुछताछ की गयी। आरोपी परदेशी द्वारा जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि मुझे मृतक और मेरी पत्नि के प्रेम प्रसंग की जानकारी का पता लग गया था एवं इसके चलते समाज में बदनामी हो रही थी। दिनाँक 27/11/23 को परदेशी एवं उसकी पत्नी ने मृतक गया प्रसाद को मारने की योजना बनायी और योजनानुसार घर बुलाकर परदेशी और उसकी पत्नी के द्वारा गया प्रसाद का गला घोंटकर व पत्थरों से मार मार कर हत्या कर दी गई। शव को छिपाने के लिये परदेशी साहू के द्वारा अन्य आरोपी हेमलाल साहू जो रिस्ते में ससुर और रिश्तेदार कालूराम साहू को रातोंरात ग्राम मोहाड से बुलाकर और अपने गांव के द्वारका प्रसाद साहू को बुलाकर लाश ले जाकर दतला नाला मे फेंक दिया गया। पुलिस टीम द्वारा सभी आरोपी से अलग अलग पुछताछ कर जुर्म स्वीकार करने एवं मामले में सलिप्त होने की बात पुलिस को बतायी। थाना घुघरी द्वारा सभी पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर आज दिनांक को माननीय न्यायालय पेश किया गया।

# कलेक्टर ने ली कम्युनिकेशन, नेटवर्क तथा रूट चार्ट की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारियों के तहत कम्यूनिकेशन प्लान, इंटरनेट नेटवर्क तथा रूटचार्ट के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि निर्वाचन कार्य के महत्व को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां समयपूर्व पूर्ण करना सुनिश्चित करें। निर्वाचन कार्य को बेहतर ढंग से संपन्न कराने के लिए कम्यूनिकेशन प्लान, इंटरनेट नेटवर्क तथा व्यवस्थित रूटचार्ट अत्यंत आवश्यक है।

कम्यूनिकेशन प्लान के संबंध में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन में सूचनाओं का अत्यधिक महत्व होता है। सही एवं आवश्यक सूचनाएं प्राप्त कर उन्हें तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाना कम्यूनिकेशन टीम की जिम्मेदारी है। इंटरनेट सुविधा के संबंध में चर्चा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी कंपनियां अपने नेटवर्क को बेहतर बनाएं। शेडो एरिया में नेटवर्क की व्यवस्था करें। चुनाव कार्य के महत्व को ध्यान में रखते हुए नेटवर्क संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण करें। निर्वाचन कार्य के दौरान किसी भी क्षेत्र में नेटवर्क की समस्या नहीं आनी चाहिए। इसी प्रकार रूटचार्ट के संबंध में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि मतदान दलों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रूटचार्ट तथा वाहनों का निर्धारण करें। रूटचार्ट के संबंध में पुलिस अधिकारियों से भी अभिमत प्राप्त करें। बैठक में कलेक्टर ने वाहनों की उपलब्धता तथा अधिग्रहण आदि के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट की गोलमेज सभाकक्ष में संपन्न हुई इस बैठक में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, सहायक कलेक्टर रवि कुमार सिहाग सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## प्रभु यीशु को याद करके मनाया गुड फ्राइडे का पर्व



*** बिलीवर्स ईस्टर्न चर्च मंडल जंतीपुर में किया आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

गुड फ्राईडे मसीही समुदाय का बहुत ही खास त्यौहार है, इस पर्व को सेलिब्रेट करने के लिए मसीही समाज के द्वारा कुछ दिन पहले से ही तैयारी शुरू कर दी गई थी, इस दिन प्रभु यीशु मसीह का मानव जाति के प्रति अपार प्रेम हेतु क्रूस पर चढ़ाये गये, उनके जीवन के अमूल्य बलिदान को याद किया गया। इस दिन अधिकतर लोगों ने उपवास रखा सभी लोग चर्चों में विशेष आराधना सभाओं में शामिल हुए, बहुत से चर्चों के द्वारा क्रूस की यात्रा, रैली का आयोजन किया गया। इस दिन यीशु के द्वारा उठाये गये दुखों को याद किया गया,दुख से भरे विशेष आराधना के गीतों को गाया जाता है, यीशु के द्वारा बोले गये कथनों पर मनन किया गया।

**जिज्ञासा** | **जल संरक्षण को लेकर विद्यार्थियों ने किया श्रमदान।**

# विद्यार्थियों के लिये प्रकृति दर्शन कार्यक्रम

*** जैविक वर्मी कल्चर विधि से हुये रूबरू।**

रिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला





पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के तहत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कुर्सी पार के इको क्लब के छात्रों का के मध्य अनेक कार्यक्रम किए गए जिसके तहत निबंध चित्रकला रंगोली के माध्यम से विद्यार्थियों को जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत विद्यार्थियों में जन जागरूकता लाई गई पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन भोपाल तथा पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार के दिए गए निर्देशानुसार विद्यार्थियों को प्रकृति दर्शन का आयोजन कर विद्यार्थियों ने मण्डला आकर रपटा घाट में नर्मदा नदी में जल संरक्षण के उद्देश्य से विद्यार्थियों के द्वारा श्रमदान कार्य किया गया तथा यहां पर बने हुए कलर पेंटिंग को देखकर बच्चों ने सेल्फी खिंचवाई तथा बेहद खुश हुए इसके बाद शासकीय पुरातत्व संग्रहालय एवं गोणी पब्लिक संग्रहालय में जाकर विद्यार्थियों को जीवाश्म फॉसिल्स एवं दसवीं एवं 11वीं शताब्दी के मूर्तियों का अवलोकन कराया गया विद्यार्थियों ने पहली बार शासकीय पुरातत्व संग्रहालय का भ्रमण कर प्रसन्न हुए तथा अपने जिले के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का को पहिचाना इसके बाद विद्यार्थियों को भ्रमण करा कर रानी पार्क कटरा में जाकर बच्चों को स्वल्पाहार दिया गया तथा रानी पार्क में जैविक वर्मी कल्चर विधि को देखा तथा मिक्सर एवं ग्रीन पॉलीहाउस के माध्यम से पौधे हर मौसम में किस तरह तैयार किए जाते हैं इसकी समस्त विधि नर्सरी के प्रभारी श्री राकेश पटेल एवं सुश्री दिव्या धर मैडम के द्वारा विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी गई उन्होंने यह भी बताया कि स्वस्थ पौधे तैयार करना और बरसात के समय में आसपास पौधे लगाने की विधि भी विद्यार्थियों को बताई गई कार्यक्रम का नेतृत्व शिव शंकर पांडे प्रभारी प्राचार्य के द्वारा किया गया तथा उनके साथ में राकेश चौरसिया अजय कछवाहा श्रीमती सीमा तिवारी ने विशेष सहयोग प्रदान किया विशेषज्ञ के रूप में अखिलेश उपाध्याय एवं आर के क्षत्री पर्यावरण संरक्षण सदस्यों के द्वारा विद्यार्थियों को प्रकृति के संरक्षण के लिए अनेक जानकारी छात्रों को दी गई।





## महिला एवं बाल विकास तथा आजीविका मिशन के बीच आयोजित हुआ मैत्री-मैच

*** महिला मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में महिला मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को स्थानीय पुलिस ग्राउंड में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन मंडला के स्व सहायता समूह की बहनों के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मंडला नगरीय क्षेत्र तथा आसपास के कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों में जनजागरूकता के माध्यम से लोगों को प्रेरित करने के लिए दोनों टीमों के बीच इस मैत्री मैच का आयोजन किया गया था। सीमित ओवरों के इस मैच को महिला एवं बाल विकास की टीम ने 40 रनों से जीत लिया।

खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने पहुंचे सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने मैच के समापन के दौरान कहा कि लोकतंत्र में मतदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिस तरह आप सभी ने विगत विधानसभा निर्वाचन 2023 में बढ़ चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया था, उसी उत्साह के साथ आगामी 19 अप्रैल को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में भी सभी लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें जिससे मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जा सके।

मैच के समापन समारोह में विजेता तथा उप विजेता टीम को सम्मानित किया गया। साथ ही प्लेयर ऑफ द मैच एवं दोनों निर्णायकों को भी पुरूस्कार दिया गया। मैदान पर उपस्थित दोनों टीमों के खिलाड़ियों के अलावा अधिकारी, कर्मचारियों एवं महिलाओं को नैतिक मतदान की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान उपसंचालक कृषि मधु अली, सहायक संचालक महिला बाल विकास रोहित बड़कुल, प्राचार्य हाईस्कूल बिंझिया मुकेश पांडे, परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास अनूप नामदेव, विकासखंड प्रबंधक आजीविका मिशन योगेन्द्र तिवारी, खेल विभाग से शशांक मिश्रा, आकाश खत्री, करूणा मर्सकोले, पंकज उसराठे, त्रिलोक डोंगरे एवं विद्या डोंगरे सहित संबंधित उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश उपाध्याय ने किया।

**खबर संक्षेप**

## कन्या नवीन जनशिक्षा केंद्र में प्रधान पाठकों की बैठक आयोजित

**गाडरवारा।** स्थानीय कन्या नवीन विद्या भवन जनशिक्षा केंद्र में अधीनस्थ शालाओं के प्रधान पाठकों की एक आवश्यक बैठक का आयोजन बीते हुये दिवस किया गया। बताया जाता है कि इस बैठक में प्रधान पाठकों को पुस्तकालय पुस्तक वितरण एवं गणित किट वितरण की गई । वही 1 अप्रैल से प्रारंभ हो रहे नए शिक्षण सत्र से संबंधित जरूरी निर्देश दिये गए। बैठक में बीआरसी संदीप स्थापक ने कहा कि आने वाले 1 अप्रेल को सभी शालाओं में प्रवेश उत्सव मनाते हुए छात्र छात्राओं का स्वागत तिलक लगाकर किया जाना चाहिए। गणवेश हेतु फेल खातों के स्थान पर सही खाते अपडेट किये जायें। पुस्तकालय को दी जा रही किताबों को स्कूलों में छात्र छात्राओं को पढ़ने दी जाएं एवं पुस्तकालय हेतु शाला स्तर पर बेहतर व्यवस्था की जाए। गणित किट के उपयोग से छात्र छात्राओं को बेहतर ढंग से गणित विषय की शिक्षा देने का सभी प्रयास करें। बैठक में जनशिक्षक द्वय अपसार खान एवं बनवारीलाल नागवंशी ने कहा कि स्कूलो में पालकों को बच्चों का वार्षिक परीक्षा परिणाम दिखाकर शैक्षणिक प्रगति की जानकारी जरूर दें। बैठक में समस्त अधीनस्थ शालाओ के प्रधानपाठक उपस्थित रहे।

## आज रंग पंचमी पर फिर उड़ेगी गुलाल, पुलिस की रहेगी पहरेदारी

**गाडरवारा।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रंगों के पांच दिवसीय उत्सह के अंतिम दिवस यानि की रंग पंचमी के मौके पर आज शहर में जमकर होली खेलने की संभावना है। क्योंकि हर वर्ष देखा जाता है कि धुरडी के दौरान लोग होली उत्सव कम ही मनाते है। मगर रंग पंचमी के दौरान निश्चित तौर से शहर की गलिया रंगों से लाल होते हुये देखी जाती है। इसी के चलते आज रंग पंचमी त्यौहार को धूमधाम के साथ मनाये जाने की तैयारी को लेकर जहां युवाओं में काफी जोश नजर आ रहा है। वही दूसरी ओर रंग पंचमी के मौके पर शहर में अनेक जगहों पर फागो सहित अन्य प्रकार के कार्यक्रम भी आयोजित होते हुये देखे जावेगे। इस तरह रंग पंचमी का त्यौहार शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिये शहर में जहां तहां पुलिस की सख्त पहरेदारी रहेगी।

## सांईखेड़ा क्षेत्र में पैर जमाने लगा मादक पदार्थो का अवैध कारोबार, युवा पीढ़ी हो रही बर्बाद

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** सदा ही शांति प्रिय माने जाने वाली दादा धूनी वालों की नगर इस समय लगातार अपराधों की गिरप्त में समाते हुए दिखाई दे रही है। क्योंकि इस समय जहां क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के आरोपियों को पकड़ने मे पुलिस असफल जहां पुलिस की कार्य प्रणाली को उजागर करने से नही चूक रही है? वही दूसरी ओर अन्य अपराधों की ओर नजर दौड़ाई जावे तो नगर में जिस प्रकार से रात के समय खुलेआम हो रही शराब खोरी के चलते सभ्य लोगों का रात के समय सड़को पर निकलना मुश्किल होते हुए दिखाई दे रहा है। इतना ही नही शराब की अवैध विक्री का परिणाम है कि पुलिस की उदासीनता कही जावे या फिर मिली भगत का परिणाम जिसके चलते अनेक गांवों में जहां खुलेआम अवैध शराब का कारोबार चलते हुए देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर अब स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही है कि अन्य मादक पदार्थों का कारोबार भी अपने पैर जमाने में कोई कसर नही छोड़ रहा है, जिसके चलते इसकी चपेट में युवा पीढ़ी के आने के कारण वह बर्बाद होते हुए दिखाई पड़ रही है..? जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो इस समय नगर में जहां खुलेआम अनेक जगहों पर अवैध गांजे का कारोबार चलने के कारण लोगों को खुलेआम जहां तहां गांजे का सेवन करते हुए देखा जा सकता है। वही नगर की गलियों में भी गांजे के अवैध कारोबार को संचालन करने वालों द्वारा इसकी पुडिया बेचते हुए देखने में आ रहा है?

## शहर में करोड़ों के विकास कार्य होने के बाद भी प्रशासन पशुओं के लिये चंद पानी टंकियों के निर्माण में दिखा रहा असमर्थता

# नगर की जीवन रेखा शक्कर नदी की धारा टूटने की कगार पर

## प्यास से व्याकुल होकर शहर की सड़कों पर घूम रहे मूक पशु






गाडरवारा

इन दिनों सूरज की तेज तपन का आलम इस तरह देखा जा रहा है कि पारा धीरे धीरे उग्र होते हुये आग बरसाने की ओर पहुंचने में कोई कसर नही छोड़ रहा है जिसके चलते लोग अपने घरों में लुकने के लिये मजबूर होते चले जा रहे है तो ठंडक का अहसास पाने के लिये अनेक प्रकार के ठंडे द्रव्यों का सेवन करते हुये दिखाई देने लगे है। यह बात अलग है कि आसमान में अचानक बादल छाने के चलते जिन किसानों के खेतों में फसल कटी रखी हुई है वह चिंता में देखे जा रहे है। मगर इस स्थिति में शहर की सड़को पर घूमने वाले मूक पशुओं को अपनी प्यास बुझाने के लिये व्याकुल होकर नालियों का पानी पीने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है और इसी के चलते वह नालियों में गिरने से घायल होना आम बात बन रही है? क्योंकि बढ़ती हुई दिनों दिन धूप की तेज तपन के चलते हर व्यक्ति के चंद मिनिटों में सूख रहे कंडों को पानी की जरूरत महसूस की जाने लगे है और वह किसी भी तहर से अपनी प्यास बुझा लेते है। मगर हर साल सबसे बुरा हाल तो उन मूक पशुओं का होते हुये देखा जाता है जो नदी नालों के भरोसे रहा करते है। मगर इस समय नगर की शक्कर नदी की धाराएं टूटने की ओर पहुंचते हुये दिखाई देने लगी है? बताया जाता है कि जंगल क्षेत्र में किसी निजी कंपनी द्वारा कोल माइंस को खाली करने के लिये पानी छोड़ा जा रहा है उसके चलते कुछ हद तक शक्कर नदी में जलदेव के दर्शन होते हुये दिखाई दे रहे है? इस स्थिति में मूक पशुओं को अपने सूखें हुये कंठ की प्यास बुझाने के लिये नगर में कही पर भी कोई व्यवस्था ही नही रह गयी है। शहर की जीवन रेखा माने जाने वाली शक्कर नदी के इतिहास पर गौर किया जावे तो इस शक्कर नदी में जिस प्रकार से बारह महिने कल कल बहता हुए पानी दिखाई देता था जो बीते हुये कुछ वर्षो से गर्मी आने के पहले ही अपनी धाराये समेट लेती है और यही हाल अभी से दिखाई देने लगा है? इस हाल के चलते मूक पशुओ के लिये सबसे बड़ी परेशानी झेलने के लिये मजबूर होने से नही बच पायेगे। क्योंकि इन मूक पशुओं को पानी पीने के लिये शहर में कोई प्रबंध नही होने की स्थिति में वह नालियों का गंदा पानी पीकर किसी भी प्रकार से अपनी प्यास बुझाने के लिये मजबूर होने की स्थिति में अक्सर देखा जाता है कि वह पानी की चाहत के चलते इन नालियों में गिरकर घायल होने से भी नही बच पाते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय देखने मिलना शुरू हो गई है। क्योंकि इस समय मार्च माह की बिदाई लेते हुये बेला जहां गर्मी धीरे धीरे अपने पूरे शबाब पर पहुंचते हुये जान पड़ रही है और आने वाले दिनों में भयानक रूप धारण करने में कोई कसर नही छोड़ेगी। इस स्थिति में जहां तहां जल स्त्रोत सूख जाने के कारण मूक पशुओं को पानी को लेकर परेशान होना आम बात बन चुकी है। क्योंकि नगर की शक्कर नदी की सिमटती हुई जल धाराओं के कारण नगर के पालतू पशु पीने के पानी को लेकर परेशान हो रहे है तो दूसरी ओर जंगली जानवर भी पानी की तलास में यहां बहां भटकते हुए देखे जा रहे है। नगर की शक्कर नदी में पानी की कमी होने के कारण पशुओं के लिए नगर में कही भी पानी पीने के लिए कोई उचित व्यस्था नही होने से वह गंदी नालियों में पानी खोज कर किसी भी तरह अपने प्यास बुझा रहे है और इसके कारण और नगर में बनी हुई गहरी नालियों में आये दिन मूक पशु गिरकर घायल होने से भी नही बच पा रहे है। मगर इस ओर आज तक न तो प्रशासन द्वारा कोई ध्यान दिया गया है और न ही जनप्रतिनिधियों द्वारा यदि नगर के अंदर पशुओं को पानी पीने के लिये जहां तहा बडी टंकियों का निर्माण करा दिया जाता तो निश्चित ही यह मूक पशु जहां अपनी प्यास बुझा लेते तो दूसरी ओर इन टंकियों का उपयोग उन लोगों को भी मिल जाता जो किसी काम से यहां पर आये हुये होते है। जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर शासकीय चिकित्सालय में भर्ती होने वाले मरीजों के साथ आने वाले लोगों के आलवा शहर में अपने अन्य कार्यो के लिए बाहर से आये हुए लोगों को भी नहाने से लेकर अन्य कार्यो को लेकर परेशान होते हुये देखा जाता है। पूर्व के समय में जब शक्कर नदी की धाराये बारह माह बहती थी तो लोग वहां पहुंचकर स्नान कर लेते थें। मगर अब गर्मी आने के पहले नदी के सूखने की ओर अग्रस हो जाने से पशुओं के साथ साथ चिकित्सालय में भर्ती रहने वाले मरीजों के परिजनों सहित अन्य लोगों को परेशानियों से जूझना पड़ता है? जबकि गौर किया जावे तो हरिभूमि द्वारा प्रतिवर्ष गर्मी आते ही नगर में जहां तहां घूम रहे प्यासे मवेशियों को लेकर नपा प्रशासन से नगर में खनन किये गये नलकूपों के समीप पानी टंकियों (बडे टाकों) के निर्माण की मांग की जाती रही है। मगर आज तक इस ओर न तो नपा के जनप्रतिनिधियों द्वारा ध्यान दिया गया है और नही प्रशासनिक तंत्र द्वारा जिसके चलते मूक पशुओं को पानी पीने के लिये व्यवस्था को लेकर किसी भी प्रकार की सोच नही होने के कारण मवेशी हर वर्ष गर्मी के दिनों में अपनी प्यास बुझाने के लिए भटकते हुए देखे जाते है। इस प्रकार से पानी के लिए भटकते हुए मवेशियों की स्थिति को देखते हुए लोगों द्वारा मांग की जा रही है कि यदि नगर पालिका परिषद द्वारा नगर में जहां तहां चल रहे नलकूपों के पास 3*10 साईज के टांकों का निर्माण करवा दिया जावे तो जहां यह कार्य नगर पालिका के हतिहास में महत्तव पूर्ण उपलब्धी के रूप में दर्ज होने से नही चूक पायेगा? वही गर्मी के भटकते हुए पशुओं के साथ साथ साथ आम लोगों के लिए एक राहत भरा हो सकता है। आमजन का कहना है कि नलकूपो के पास इस प्रकार के टांकों का निर्माण हो जाता है तो उन्हें अलग से भरने की जरूरत तो पड़ने से रही क्योंकि नगर पालिका के नलकूप बड़ी टंकी को भरने के लिए तो दिन भर चलते ही रहते है और उसी से एक नल जोड़ते हुए इन टांकों को भी भरा जा सकता है जिसके चलते जहां मवेशियों को पीने के लिए ठंडा पानी भी उपलब्ध हो सकता है और बाहर से नगर में अपने जरूरी कामों से आने वाले लोगों को भी स्नान के लिए सुबिधा उलब्ध हो सकती है। मगर पता नही क्यों इस पशुओं की बेवशी को प्रशासन सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा नजर अंदाज कर दिया जाता है।

## वाहनों की सघन चैकिंग, पनागर चेक पोस्ट पर 87 हज़ार रूपये जप्त




गाडरवारा

आने वाले माह संपन्न होने जा रही लोकसभा चुनाव को लेकर जिला अमित कुमार एवं तिरिक्त पुलिस अधीक्षक नागेन्द्र पटेरिया द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिले में लागू आदर्श आचार संहिता के नियमानुसार पालन हेतु समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है । इसी के चलते उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी मेश तिवारी के नेतृत्व में गाडरवारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न आवागमन के मुख्य मार्गों पर विशेष स्थैतिक निगरानी दल (S.S.T.) तैनात कर क्षेत्र में प्रवेश करने वाले वाहनों की सूक्ष्मता से चैकिंग की जा रही है । बीते हुये गुरूवार की शाम राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम में शामिल तहसीलदार गाडरवारा सुश्री प्रियंका नेताम एवं थाना प्रभारी उमेश तिवारी के नेतृत्व में,पटवारी योगेश पटेल, उप निरीक्षक मनीषा लिल्हारे,सहायक उप निरीक्षक राकेश दीक्षित,प्रधान आरक्षक हरभजन सिंह आरसे,प्रधान आरक्षक परमानंद,आरक्षक दिनेश पटेल,आरक्षक विश्वजीत,आरक्षक ऐश्वर्य वेंकट,आरक्षक अनवर,आरक्षक रामसिंह के द्वारा कौड़िया SST प्वाईंट पर वाहनों की चैकिंग की गई एवं वाहन चालकों को आदर्श आचार संहिता के पालन,वाहन के सभी आवश्यक दस्तावेज रखने एवं यातायात नियमों के पालन करने की समझाइश दी गई । चैकिंग दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले 2 चालकों के विरूद्ध धारा 185 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत इस्तगासा तैयार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही कर 47 प्रकरणों में 15,300 रू. समन शुल्क राशि वसूल की गयी । इसी प्रकार से जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र गाडरवारा के एसएसटी चेक पोस्ट पनागर में उड़नदस्ता दल क्रमांक 3 द्वारा बीते हुये दिवस भोपाल से आ रहे अखिलेश ठाकुर के वाहन की तलाशी लेने पर 87 हज़ार 500 रुपये की राशि मिली। उक्त राशि से संबंधित दस्तावेज उनके पास नहीं पाये गये। इस पर उक्त राशि ज़ब्त कर पंचनामा तैयार किया गया। इस तरह आदर्श आचार संहिता तथा यातायात नियमों के पालन एवं त्यौहारों पर कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टीगत पुलिस द्वारा भविष्य में भी लगातार वाहन चैकिंग एवं नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही जारी रहेगी ।

## सी एम राइज विद्यालय साईंखेड़ा में चयन प्रक्रिया पूर्ण, अब शुरू हो रहे नये शिक्षा सत्र, एक अप्रैल से लगेंगी कक्षाएं




**सांईखेड़ा।** नगर परिषद साईंखेड़ा के सी एम राइज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में नए सत्र 2024-25 में प्रवेश हेतु प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। विदित हो कि प्रवेश हेतु दिनाँक 16 मार्च से 23 मार्च तक आवेदन आमंत्रित किये गए थे। विभिन्न कक्षाओं में रिक्तियों के आधार पर प्राप्त आवेदनों में कक्षा एक से तीन तक सभी आवेदनकर्ता विद्यार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित किया गया। जबकि कक्षा चार और पाँच के लिए निर्धारित क्रमशः एक और पाँच रिक्तियों के विरुद्ध कक्षा चार के लिए 20 तथा पाँच के लिए 18 आवेदन प्राप्त हुए। इन रिक्त सीटों के लिए विद्यार्थियों का चयन पारदर्शी तरीके से अभिभावकों के समक्ष लॉटरी के माध्यम से किया गया। लॉटरी की प्रक्रिया के पहले आमंत्रित अभिभावकों को विद्यालय के विभिन्न विभागों तथा गतिविधियों से अवगत कराया गया। अभिभावकों द्वारा पुस्तकालय, प्रयोगशाला, कृषि लैब, आई टी लैब, सी सी टी वी कैमरा कंट्रोल रूम, खेल विभाग आदि का अवलोकन किया गया। सभी ने संचालित गतिविधियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर प्राचार्य चंद्रकांत विश्वकर्मा ने बताया कि माध्यमिक कक्षाओं में कोई रिक्ति न होने के कारण प्राप्त आवेदनों की प्रतीक्षा सूची बनाई गई है। प्राथमिक विभाग के प्रधानपाठक भाईजी चौधरी ने कहा कि कक्षा एक के अंग्रेजी वर्ग हेतु कोई भी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। सरदार सिंह राजपूत प्रधानपाठक माध्यमिक विभाग द्वारा सूचना दी गई कि कक्षा 6 हेतु भी अंग्रेजी वर्ग का कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। अतः इसके लिए पुनः अभिभावकों से संपर्क किया जाएगा। कार्यक्रम संचालक भानुप्रताप राजपूत ने अभिभावकों से बातचीत की तथा सी एम राइज के विजन, मिशन की जानकारी देते हुए उनके विचार भी जाने। विद्यालय में अध्ययन हेतु चयनित विद्यार्थियों और अभिभावकों के चेहरे खिले हुए थे।

## बच्चों का पोषण आहार खाकर आखिर कौन हो रहा है मोटा

**चीचली।** शासन द्वारा बच्चों का अच्छा भरण पोषण हो सके इसके लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है, मगर इसके बाद समीपस्थ जनपद पंचायत चीचली व सांईखेड़ा के अंतर्गत अनेक गांवो में देखा जावे तो वह लगातार पिछड़ रहें है। इस क्षेत्र मे संचालित अधिकांश सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार के चलते इतनी फजीहत है कि शासन की मंशा कही से किसी कीमत मे पूरी होती नही दिखती है? भ्रष्टाचार ने सरकार की अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं को ऐसा पलीता लगाया जा रहा है कि योजनाये जहां दम तोड रही है जिसके चलते अनेक हितग्राही योजनाओं का लाभ पाने वाले भटकते हुए देखे जा रह है? क्षेत्रवासियों का जनचर्चाओं में आरोप है कि शासन द्वारा चलाई जा रही अनेक योजनाओं की उन तक तब जानकारी पहुंचती है जब या तो वह पूरी हो चुकती है या फिर उनमें आई राशि खत्म हो जाती है? ऐसी एक नही अनेक योजनाएं है जिनका कागजों से हटकर हकीकत में आम लोगों लाभ मिलना चाहिए मगर नही मिल पा रहा है, जिसमें अनेक योजनाएं तो महिला बाल विकास के हबाले से जो भ्रष्टाचार व अनियामितताओं का शिकार होते हुए देखी जा रही है? जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो पोषण आहार योजना की जो दुर्दशा होते हुए देखी जा रही है जिसे देखकर शहर में ही सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों मे इस योजना का क्या हाल होगा? हरिभूमि ने जब क्षेत्र के कुछ ग्रामीण क्षेत्र के पोषण आहार केन्द्रों और कुछेक आंगनवाड़ी केन्द्रों का भ्रमण करते हुए इसकी सच्चाई का पता किया गया तो अनेक केन्द्रो में पाया कि महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में चल रही गफलत बाजी के चलते वह योजनाएं जहां असफल साबित हो रही है। वही दूसरी ओर बच्चों का पोषण होने की जगह व अपोषित होते चले जा रहे है? जबकि शासन द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रो में अध्यन करने वाले बच्चों के नियम से अलग अलग दिन के हिसाब से खाना मिलना चाहिए, मगर सच्चाई पर गौर किया जावे तो इन आंगनबाड़ियों में अध्ययन करने वाले अनेक बच्चों के अभिभावकों को पता नही है कि आज उनके बच्चों को अलग से कुछ मिला है कि नही..? क्योंकि बच्चों द्वारा घर जाकर वही बताया जाता है कि जो रोज मिल रहा है वही आज मिला है। इतना ही नही यदि गौर किया जावे तो क्षेत्र के अनेक आंगनवाड़ी केन्द्रों मे काम करने वाली कार्यकर्ताओं ने दबे सुर मे अपना नाम उजागर न करने की बात पर अपनी परेशानियां बताई जो गंभीर है? इनके विभागीय अधिकारियों द्वारा पैसों की मांग की जाती है और मांग पूरी न होने पर इन्हें डराया धमकाया जाता है और तो और इन्हे नौकरी से निकाल देने का भय भी दिखाया जाता है, इसके चलते कुछ स्थानों की स्थिति तो यह बने है कि केन्द्रो में जितने बच्चे उपस्थित नही रहते है और उनका भी भोजन बनाने का रिकार्ड दर्ज कर काफी हद तक गोलमान किया जाने की जानकारियों मिलना आम बात होती चली जा रही है? इतना ही नही यदि कोई आंगनवाड़ी केन्द्र की कार्यकर्ता व इनको भोजन देने वाले समूह द्वारा इस पर अपत्ति ली जाती है तो अधिकारियों द्वारा उन्हे धमकी देकर मुंह बंद कर दिया जाता है? वही कुछ अधिकारियों द्वारा तो शासन के धन पर अपना कब्जा करे हुए शासन की योजनाओं को खुलेआम पलीता लगाया जा रहा है? इस प्रकार से यदि गौर किया जावे तो महिला विकास विभाग के लिए पोषण आहर योजना धन पान की खान बनी हुई है? यदि इस बात की सच्चाई को जानने के लिए कोई बड़ा निष्ठावान अधिकारी क्षेत्र में संचालित होने बाली आंगनवाड़ी केन्द्रो का निरीक्षण करते हुए बच्चों से इसकी सच्चाई स्वयं पहुंचकर पूछे तो महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों सच्चाई पूर्णरूप से सामने ही नही बल्कि बच्चों के पोषण आहर को अपने कमाई की खान समझने वाले अधिकारियों की सच्चाई भी सामने आ सकती है।

## बिजली बिलों की आन लाईन भुगतान व्यवस्था से परेशान हो रहे उपभोक्ता
## बिल जमा होने के बाद भी जुडकर आने वाले बिलों में नहीं होता है कोई सुधार



**गाडरवारा।** देश के प्रधानमंत्री द्वारा देश को डिजीटल बनाने के सपने को साकार करने तथा शासकीय कार्यो को कागज मुक्त बनाने के चलते अधिकतर कार्य आन लाईन प्रणाली के माध्यम से किये जा रहे है। कुछ इसी प्रकार से बिजली विभाग द्वारा भी अब बिजली बिलों को उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिये कागजों की जगह उनके मोबाईल फोनों पर सूचना दी जा रही है तो दूसरी ओर बिजली विभाग द्वारा निर्धारित किये गये एप के माध्यम से बिजली बिलों के भुगतान को लेकर उपभोक्ताओं को प्रेरित किया जा रहा है। मगर बिजली विभाग द्वारा यह सुविधा आम उपभोक्तओं के लिये परेशानी का कारण बनने से नही चूक रही है तो दूसरी ओर जब कोई उपभोक्ता अपनी परेशानी लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों के समक्ष पहुंचता है तो उसकी समस्या का निराकरण करने की जगह अधिकारियों द्वारा उसको चक्कर लगाने के लिये मजबूर करने से नही चूक रहे है? बताया जाता है कि विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा बिजली विभाग द्वारा निर्धारित किये गये एप पर बिजली बिल का जब भुगतान किया जाता है तो उसके मोबाईल एप के माध्यम से सूचना मिलती है कि उसका बिजली बिल भुगतान सफल हो चुका तथा उपभोक्ता के खाते से भी बिल की निर्धारित राशि कट जाती है। मगर जब अगले माह देखा जाता है कि उपभोक्ता के बिजली बिल में पूर्व माह के राशि जुटकर पहुंच जाती है। इतना ही नही जिस उपभोक्ता का बिजली बिल तुरंत के माह व पूर्व के माह का कम होता है वह जुडकर आता है तो वह उस बिल को आसानी से नही समझ पाता है। क्योंकि उपभोक्ताओं को कागजों पर बिली मिलना बंद हो चुके है और मोबाईल फोन पर बिल संबंधी सूचना में सिर्फ यही उल्लेख होता है कि इस माह आपकी बिजली इतने यूनिट जली है और उसका बिल इतना है। जबकि पूर्व में जब उपभोक्ताओं को घर घर कागजों पर बिल मिलते थे तो उसमें तुरंत माह का बिल सहित पूर्व के बिलों का विवरण भी देखने मिल जाता था मगर वर्तमान समय में वह व्यवस्था बन होने के चलते बिजली विभाग द्वारा पूर्व के माह का बिजली बिल जमा ाने के बाद भी जोड़कर भेजे जाते है जिसके चलते वह तुरंत का बिल समझकर जमा कर देता है। इस तरह बिजली विभाग द्वारा एप के माध्यम से बिजली बिलों का भुगतान व्यवस्था में बिजली बिलों के जमा होने के बाद सफल भुगतान की सूचना के बाद भी पूर्व के बिल जुडकर आने के चलते उपभोक्ता परेशान होते हुये देखे जा रहे है। इस समस्या को लेकर जब उपभोक्ता बिजली विभाग के कार्यालय पहुंचते है तो अधिकारियों द्वारा उनकी समस्याओं का निराकरण करने के जगह कल आना या फिर कम्प्यूटर आपरेटर नही है अभी की बात कहते हुये अनेको को चक्कर लगाने के लिये मजबूर करना आम बात बन चुकी है? इस तरह उपभोक्ताओं को अनेक चक्कर लगाने के बाद भी समस्या का निराकरण नही होने की स्थिति में बिजली बिलों के भुगतान करने की निर्धारित अवधि गुजर जाने के कारण उन पर देरी शुल्क लगाते हुये बिजली काटने से भी बिजली विभाग नही चूकता है? इस तरह बिजली विभाग की आन लाईन बिल भुगतान व्यवस्था के चलते उपभोक्ताओं को परेशान होने के साथ साथ आर्थिक क्षति का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### महुआ के पेड़ में अधेड़ ने लगाई फांसी

**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।** पुलिस थाना मेंहदवानी अन्तर्गत ग्राम ताला निवासी 50 वर्षीय अधेड़ रतिराम पिता गुहा ने अज्ञात कारणों से बुधवार को महुआ के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जानकारी के अनुसार मृतक के बड़े भाई पतिराम ने पुलिस को बताया कि मैं महुआ बीनने चला गया था लगभग 11 बजे मेरे पड़ोसी ने फोन कर मुझे जानकारी दी कि तुम्हारा भाई रतिराम महुआ के पेड़ पर स्वयं के गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है जिसका शव अभी पेड़ पर लटका हुआ है। सूचना मिलने पर मेंहदवानी पुलिस मौके पर पहुंच गई और पंचनामा की कार्यवाही कर शव कब्जे में लेकर मर्चुरी में रखवाया। गुरुवार को शव परीक्षण होने के बाद अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

### द्वितीय चरण का दो दिवसीय प्रशिक्षण 3 और 4 अप्रैल को होगा

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए जिले के अधिकारी-कर्मचारियों का प्रथम प्रशिक्षण पूर्ण हो जाने के बाद द्वितीय चरण का दो दिवसीय प्रशिक्षण 3 और 4 अप्रैल 2024 को आयोजित किया जा रहा है।उक्त प्रशिक्षण जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट डिंडोरी, मेकलसुता कॉलेज डिंडोरी और मदर टेरेसा हायर सेकेंडरी स्कूल डिंडोरी में आयोजित किया जाएगा।प्रशिक्षण के दौरान सभी जिम्मेवारों को आना आवश्यक है। प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अनुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।
प्रशिक्षण सूची में शामिल सभी प्रशिक्षु अधिकारी एवं कर्मचारिओं को दो दिवस के भीतर खाता संख्या, मोबाइल नम्बर का सुधार करके एनआईसी कार्यालय में जमा करना होगा। साथ ही प्रशिक्षण स्थल पर वोटर आईडी अपने साथ आवश्यक रूप से लाना होगा।

### शारीरिक बीमारी से तंग वृद्धा ने उठाया आत्मघाती कदम

**अनूपपुर।** कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत दुलहरा के सकरिया निवासी एक 55 वर्षीय वृद्धा ने अपने शारीरिक बीमारी से तंग आकर घर के अंदर विगत रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतिका के शव का पंचनामा, गवाहों के बयान लेते हुए जिला चिकित्सालय अनूपपुर के ड्यूटी डॉक्टर से पीएम कराने बाद अंतिम संस्कार हेतु शव परिजनों को सौंप कर जांच प्रारंभ की है।
विवरण में मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना अनूपपुर से 10 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत दुलहरा के वार्ड नंबर 18 सकरिया गांव निवासी राम खिलावन कहार की 55 वर्षीय पत्नी चंपादेवी कहार जो प्रत्येक दिन दिनचर्या अनुसार पति के साथ खेत में लगे फसलों को काटने एवं आंगन में इकट्ठा करने का काम की रही शाम होने पर पति पड़ोस में घूमने-बैठने गया रहा जो देर रात घर वापस आया तो देखा कि घर का दरवाजा खुला हुआ है जिसे खोलकर अंदर जाकर देखने पर अंदर की कमरे में पत्नी चंपादेवी को फांसी लगी स्थिति में देखा जिसकी जानकारी पड़ोस के लोगों के साथ अपने रिश्तेदारों-परिजनों को दी जिनकी आने पर देर रात हंड्रेड डायल पुलिस के साथ कोतवाली अनूपपुर पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, जिसकी शुक्रवार की सुबह पुलिस के द्वारा मृतिका के शव का पंचनामा, गवाहों के बयान लेते हुए जिला चिकित्सालय अनूपपुर के शव वाहन से शव भेज कर ड्यूटी डॉक्टर से शव परीक्षण कराने बाद अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौपा गया है। मृतिका के पति एवं परिजनो ने बताया कि चंपादेवी विगत एक वर्ष से अपने शारीरिक परेशानी से पीड़ति रही है जिनका परिजनों द्वारा देशी तथा अंग्रेजी उपचार कराया जा रहा था लेकिन उसकी समस्या का निदान नहीं हो पा रहा था जिससे तंग आकर उसने आत्महत्या जैसे आत्मघाती कदम उठाया है।

**आने जाने वालों को होती है परेशानी, समय रहते नगर प्रशासन की आंखे न खुली तो हो सकती है बड़ी दुर्घटना**

# नगर शहपुरा के मुख्य मार्ग पर अवैध कब्जा व लग रही रोड पर दुकानें

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** यह मामला डिंडोरी जिला के शहपुरा नगर परिषद का है लगातार समाचार पत्रों के माध्यम से चर्चा में रहने वाला नगर परिषद का आज फिर नया मामला सामने आया है जहां शहपुरा नगर के फॉरेस्ट नाका से लेकर सराफा मार्केट के श्रीराम मंदिर तक दुकानें मार्ग पर लगती है अवैध रूप से दुकानें व हांथ ठेला जिंसमे व्यापारियों के द्वारा खुद की दुकान से बाहर 5 फिट तक बाहर दुकान लगाई जाती है वही दूसरी ओर बची हुई मुख्य मार्ग की सड़क पर हांथ ठेला लगा दिए जाते है जिससे चलित मुख्य मार्ग को रोक दिया जाता है जिंसमे आने जाने वाले व गाड़ियों के न निकालने से बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है। कभी कभी देख कर ऐसा लगता है कि नगर शहपुरा का नगरीय प्रशासन यदि ऐसे ही मौन रहा तो किसी दिन इस मुख्य मार्ग पर बड़ी घटना घटित हो जाएगी आखिर



क्या वजह है जो इस मुख्यमार्ग पर हो रहे अतिक्रमण के बाद भी प्रशासन मौन है, जबकि नगर वासियों के द्वारा इस समस्या को लेकर कई बार नगर परिषद को ज्ञापन के माध्यम से आवेदन दिया जा चुका है लेकिन नगर परिषद में बैठे जिम्मेदार प्रतिनिधि और अधिकारी कानों में रुई डाले हुए बैठे हैं इन्हें जनता की कोई परवाह नहीं है इस तरह की रवैया को देखते हुए नगर वासियों का कहना है कि ऐसी अनदेखी किसी दिन बड़ी दुर्घटना का जगह ना ले ले।

**-क्या कहते हैं जिम्मेदार**

जब इस संबंध पर नगर परिषद के प्रतिनिधि और अधिकारियों से बात करने की कोशिश की गई तो उनके द्वारा रटा रटाया वही जवाब गोल-गोल देकर बात को टालने का प्रयास कर दिया जाता है जबकि इस तरह का अनदेखी करना उचित नहीं है।

## मेंहदवानी पुलिस ने फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।** पुलिस अधीक्षक डिंडौरी एवं एसडीओपी शहपुरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मेंहदवानी प्रभुदास मोंगरे के द्वारा गठित पुलिस टीम ने विगत 8 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। जानकारी के अनुसार ग्राम इमली टोला सुड़गांव निवासी स्थाई वारंटी केहर सिंह पिता सुम्मत उम्र लगभग 30 वर्ष सन-2016 से अपराध घटित करने के बाद से फरार था जिसे मेंहदवानी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में एएसआई सुनील पटैल, प्रधान आरक्षक कमलेश भवेदी,आरक्षक ताहर सिंह, आरक्षक दिनेश लोधी की विशेष भूमिका रही।

## अर्चना अवधिया को मिली पीएचडी की उपाधि

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी। जिला मुख्यालय निवासी अर्चना अवधिया पति धनेश अवधिया ने अपनी लगन और कठिन परिश्रम से विज्ञान संकाय के अंतर्गत प्राणी विज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। श्रीमति अवधिया ने अथक परिश्रम के साथ पारिवारिक दायित्वों व अध्यापन कराते हुए पीएचडी की उपलब्धि प्राप्त की है।**

उनकी इस उपलब्धि पर परिजनो व शुभचिंतकों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित किया है। बताया गया कि अर्चना अवधिया को श्रीकृष्णा विश्वविद्यालय छतरपुर से जीवित प्रजनन क्षमता व जैव



रसानियक घटकों पर केचूओं की प्रजातियों, भारी धातू विषाक्तता के प्रभाव पर एक अध्ययन शीर्षक पर डॉक्टर ऑफ फिलॉस्फी की उपाधि मिली है।
उन्होंने अपना शोधकार्य डॉ.असगर खान के निर्देशन मे पूर्ण किया। गौरतलब है कि श्रीमति अवधिया जिला निर्वाचन कार्यालय के पर्यवेक्षक राकेश अवधिया की भाभी श्री भी है। उन्होंने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लगातार 12 वर्षों से सक्रिय भूमिका के साथ अनेक विद्यार्थियों के मार्गदर्शक की भूमिका निभाते आ रही हैं। राष्ट्र व समाज के लिए भी आप लगातार नवाचार के माध्यम से कार्य कर रहे हैं।

## आबकारी विभाग की कार्यवाही में अवैध शराब के 4 प्रकरण कायम

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, परिवहन व विक्रय के रोकथाम हेतु कलेक्टर श्री विकास मिश्रा के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा ग्राम डुंगरिया, रहंगी, औरई और वार्ड क्रमांक 10 डिंडोरी में दबिश कर कार्यवाही की गई। तलाशी के दौरान अवैध शराब लगभग 32 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची शराब जप्त किया गया व 200 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। जप्त सामग्री की अनुमानित कीमत 26,400/- रुपये है स उपरोकतानुसार मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) ष कष ष्चष के तहत 04 प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। उक्त कार्यवाही प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी मंशाराम उईके के नेतृत्व में आबकारी उप निरीक्षक सम्हर सिंह धुर्वे, आबकारी आरक्षक छिद्दी लाल झरिया, रामभरोस ठाकुर, करिशमा सलामे, मनीष उइके व नगर सैनिक तोक सिंह मरावी द्वारा की गई।



## पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों के द्वितीय चरण प्रशिक्षण का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। पीठासीन अधिकारी एवं मतदान



अधिकारियों के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सरोधन सिंह, नायब तहसीलदार शशांक शेंडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।कलेक्टर श्री मिश्रा ने 85 प्रतिषत मतदान लक्ष्य प्राप्ति के लिए सभी जिम्मेदार अधिकारियों को प्रतिबद्ध किया। जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयास करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वीप गतिविधियों से अवगत कराते हुए बताया कि जिले में विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है और मतदाताओं में जागरूकता फैलाने के लिए स्थानीय स्तर पर प्रयास करने की बात कही है जिसके लिए नुक्कड़ नाटक, आकर्षक उपहार योजना, आकर्षक स्लोगन आदि के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जाये। प्रत्येक मतदान केंद्र में आदर्श मतदान केंद्र की स्थापना के निर्देश दिए है जिससे मतदाताओं को मतदान के दिन असुविधा ना हो और वे पहले से मतदान डेमो प्राप्त कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर जगतराम झारिया और रजनीकांत शुक्ला ने प्रशिक्षण की सूक्ष्मतम तकनीकी जानकारी मतदान अधिकारियों को प्रदान की जिसमें म्टड, टटच्ज, अमिट स्याही के विविध पहलुओं से अवगत कराया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सरोधन सिंह ने प्रशिक्षण में मतदान अधिकारियों को उनके निर्वाचन दायित्व से अवगत कराया और सफल निर्वाचन कराने के लिए शुभकामनायें दी।

## जिला स्तरीय एमसीएमसी कमेटी की बैठक संपन्न



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा ने आज कलेक्टर कक्ष में जिला स्तरीय एमसीएमसी कमेटी की बैठक ली। उक्त बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री विमलेश सिंह, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सरोधन सिंह, नोडल अधिकारी एमसीएमसी कमेटी सहायक संचालक जनसंपर्क शिवेंद्र गुर्जर सहित समिति के अन्य सदस्य सदस्य उपस्थित रहे। कलेक्टर ने जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील रहने तक प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के कार्यों और कवरेज की सतत निगरानी करने के लिए एमसीएमसी कमेटी के सदस्यों को निर्देशित किए हैं। उन्होंने पैड न्यूज, भ्रामक (फेक) न्यूज के बारे में जानकारी प्रदान की। बताया कि फेक न्यूज में अभ्यर्थी का दुष्प्रचार, भ्रामक न्यूज, वीवीपैट मशीन के बारे में भ्रामक न्यूज, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया या प्रिन्ट मीडिया के करने पर एमसीएमसी की टीम संबंधित मीडिया संस्थान सोशल मीडिया के इंचार्ज को भ्रामक खबर को जारी करने और बंद करने के लिए सीधा पत्राचार या फोन कर रोकने के लिए कार्रवाई कर सकता है।
कलेक्टर ने बताया कि पैड न्यूज, सामान्य न्यूज से अलग किसी भी राजनीतिक दल के अभ्यर्थी के पक्ष में उनकी यशोगान, उनके उपलब्धि आदि को लेकर मीडिया संस्थानों द्वारा किया गया प्रचार-प्रसार सामान्य रूप से पैड न्यूज के श्रेणी में आता है। इसमें प्रायोजित टीवी डिबेट पर अभ्यर्थी से चर्चा भी पैड न्यूज के दायरे में आता है। प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक, वेब पोर्टल, वेबसाईट, सोशल मीडिया, वीडियो वैन में किया गया पैड न्यूज का व्यय रिपोर्टिंग के बाद कार्रवाई में अभ्यर्थी के व्यय में जोड़ा जाएगा। एमसीएमसी के अन्य कार्यों में चुनाव के अभ्यर्थी का विज्ञापन में व्यक्तिगत आक्षेप, लांछन, राष्ट्र की गरिमा, अस्मिता, प्रभुता जातिगत, धर्म, समुदाय, पंथ का उल्लंघन और अश्लील तो नही है, की निगरानी करना भी है।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने आचार संहिता लागू होने के बाद कानून द्वारा स्थापित नियमों की जानकारी दी और सभी समिति सदस्यों से आचार संहिता के पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वीप गतिविधियों में तेजी लाने के निर्देश दिए और मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक पहुंच सुनिश्चित कराने के लिए सदस्यों द्वारा दिए नवाचार के सुझावों का स्वागत किया। साथ ही नवरात्री, ईद और रामनवमी जैसे विशेष अवसरों पर स्वीप गतिविधियों को संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

## विवेकानंद स्मार्ट सिटी अनूपपुर के विरुद्ध की गई झूठी शिकायतें

### शासन एवं हाईकोर्ट से हुई खारिज

**अनूपपुर।** रेलवे अंडर ब्रिज के पास जिले की प्रथम आवासीय कॉलोनी स्वामी विवेकानंद स्मार्ट सिटी के विरुद्ध कुछ कतिपय लोगों द्वारा झूठी शिकायत को अंतत शासन ने खारिज कर दिया। कुछ लोगों ने अपने अवैध लाभ पाने के लिए स्मार्ट सिटी को बदनाम करने के उद्देश्य से झूठे आरोप की शिकायत तहसीलदार, कलेक्टर, मध्यप्रदेश शासन प्रमुख सचिव को की थी। जिसकी जांच तहसीलदार की संयुक्त टीम ने एवं अधीक्षक भू अभिलेख द्वारा मौके पर जांच की गई। जिसमें शिकायत को झूठा पाया। भू अभिलेख अधीक्षक ने अपने प्रतिवेदन पर लिखा कि स्मार्ट सिटी में उपयोग की गई भूमिका निजी भू स्वामियों की है। जिसमें किसी भी शासकीय भूमि का अंश नहीं पाया गया। मौके पर पैमाईशी माप करके सभी खसरा नंबरों को नक्शा अनुसार सही पाया गया। तहसीलदार अनूपपुर ने जांच उपरांत प्रकरण क्रमांक-0088/74/2022-23 पर आदेश करते हुए स्मार्ट सिटी के खिलाफ की गई झूठी शिकायत को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट में भी जनहित याचिका हुई खारिज स्मार्ट सिटी अनूपपुर के विरोध मे हाईकोर्ट जबलपुर में कतिपय लोगों द्वारा जनहित याचिका 11525-2022 दायर की गई थी। याचिकाकर्ता ने स्मार्ट सिटी के विरुद्ध अनेक आरोप लगाए थे। जिन्हें हाईकोर्ट ने



खारिज कर दिया है। ऐसे ही कुछ लोगों ने योजना बनाकर गलत तरीके से स्मार्ट सिटी को बदनाम करने के उद्देश्य से एवं वहां के रहवासी और खरीदारों को गुमराह करने के लिए सुनियोजित ढंग से विभिन्न विभागों में झूठी और मनगढ़ंत शिकायत करवाई और सोशल मीडिया में सनसनीखेज बनाकर प्रकाशित करवाया। ताकि आम जनों के बीच स्मार्ट सिटी कॉलोनी के प्रति तरह-तरह की आशंकाएं पैदा हो जाए, लेकिन अंततः जांच उपरांत सभी प्रकार की अनुमतियां सही पाए जाने पर स्मार्ट सिटी के खिलाफ की गई झूठी शिकायतों को शासन स्तर पर खारिज कर दिया गया वहीं हाईकोर्ट में इन्हें मुद्दों को लेकर की गई जनहित याचिका क्रमांक भी खारिज हो चुकी है। शासन के निर्णय एवं हाईकोर्ट में मामले के खारिज हो जाने से स्मार्ट सिटी सहवासियों के मन में आशंकाएं समाप्त हुई तथा जिले की जनता का स्मार्ट सिटी के प्रति विश्वास बढ़ा है।

**इनका कहना है**

स्मार्ट सिटी के विरोध मे की गई सभी शिकायत झूठी और आधारहीन होने के कारण शासन स्तर पर खारिज हो गई है। जबलपुर हाईकोर्ट में भी लगी स्मार्ट सिटी के खिलाफ याचिका न्यायालय ने खारिज कर दी है। हमारे द्वारा शासन के नियमानुसार अनुमति प्राप्त कर कॉलोनाइजर एक्ट के तहत कॉलोनी विकास का कार्य किया गया। उच्च न्यायालय एवं मध्यप्रदेश शासन के आदेशों से हमें न्याय मिला एवं सत्य की जीत हुई है।

**विवेक कुमार बियानी, संचालक**
**स्मार्ट सिटी अनूपपुर**

## विदाई समारोह आयोजित आयोजित कर किया गया महाप्रबंधक का अभिनंदन

**अनूपपुर।** बिलासपुर रेलवे जोन के रेल कर्मचारियों का प्यार व सहयोग को मैं जीवन में भुला नहीं सकता, मेरे 41 साल की रेल सेवाकाल में जो स्नेह प्यार सहयोग बिलासपुर जोन में मिला, ये मेरे परिवार के लिए हमेशा यादगार रहेगा। बिलासपुर रेल जोन के अधिकारियों व रेल कर्मचारियों ने अपनी लगन समर्पण से भारतीय रेल में बिलासपुर को नम्बर वन बनाने में मुझे पुरा सहयोग प्रदान किया उक्त उद्गार साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के द्वारा आयोजित विदाई अभिनंदन समारोह के मंच से महाप्रबंधक बिलासपुर अलोक कुमार ने कहा, समारोह को संबोधित करते हुए जोनल सेक्रो अध्यक्ष डा० विनीता जैन ने कहा बिलासपुर जोन में हमें बहुत सम्मान प्यार दिया मैंने देखा रेलवे मजदूर कांग्रेस के द्वारा रेल कर्मचारियों के पंचशील कार्यक्रम के तहत हमेशा रचनात्मक कार्य किया जैसे ब्लड डोनेशन कैंप, वृक्षारोपण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, महिला शक्ति करण के कार्यक्रम जैसे बेमिसाल कार्य रहे, मजदूर कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष तपन चटर्जी ने कहा महाप्रबंधक अलोक कुमार के 2 साल 8 माह के कार्यकाल में मजदूर कांग्रेस की मांग पर रेलवे अस्पताल में व्यापक सुधार हुआ, जीडीसी लागू किया गया। लगातार 10 प्रतिशत इंटक कोटा हेतु आदेश जारी करना, रेलवे कालोनी के विकास लिए करोड़ों के विशेष पैकेज देना बड़ी उपलब्धि रही है, मजदूर कांग्रेस बिलासपुर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।



रेलवे मजदूर कांग्रेस के जोनल प्रवक्ता गोपी राव ने बताया कि विगत 27 मार्च को साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस द्वारा केन्द्रीय मजदूर कांग्रेस कार्यालय बुधवारी बाजार बिलासपुर में 31 मार्च को रेल सेवा निवृत्त हो रहे बिलासपुर रेल महाप्रबंधक अलोक कुमार के सम्मान में विदाई अभिनंदन समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक की धर्मपत्नी सेक्रो अध्यक्ष डा० विनीता जैन, बिलासपुर जोन के उपमहाप्रबंधक वीके साहू अन्य रेल जोन के अधिकारियों के साथ मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के केन्द्रीय पदाधिकारी बी कृष्ण कुमार मंडल समन्वयक बिलासपुर, डी विजय कुमार मंडल समन्वयक रायपुर, केन्द्रीय पदाधिकारी डी के स्वाइन, लक्ष्मण राव, राजकुमार सांडे, महिला नेत्री विनीता सहानी, जी. ईश्वरअम्मा, वर्षा पाण्डेय, शाखा सचिव एम डब्ल्यू इस्लाम, जी. एस.आइच,डी डी महेश, आर के यादव, राजेन्द्र सिंह, संजय श्रीवास्तव, लोकनाथ पटेल आदि उपस्थित रहे।

# विद्युत नगरी में एक चोरी के पांचवें दिन दूसरी बड़ी चोरी की वारदात

**चचाई।** अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई थाना क्षेत्र अपराधों की सूची मे शीर्ष पर पहुंचे पुलिस प्रशासन को खुली चुनौती दे रहा हैं वर्तमान थाना प्रभारी के पदस्थ होते ही आए दिन बड़ी-बड़ी वारदात घटित होती है जिसमें कुछ घटनाओं की रिपोर्ट थाने तक भी नहीं पहुंचती ताप विद्युत गृह के अधिकारी कर्मचारी व आम नागरिक भय के साए में रह रहे हैं इसका असर बिजली उत्पादन पर भी पड़ सकता है क्योंकि कोई भी अधिकारी कर्मचारी मजदूर रात ड्यूटी नहीं करना चाहता आए दिन चोरियां बीच बाजार लड़ाई झगड़ा आम बात हो गई है। मंडल के आवास क्रमांक बी2 में चोरी के पांचवें दिन डी 40 में मेहेर प्रकाश माइती के घर पूर्व चोरी की डुप्लीकेट रोल में सूने घर में खिड़की की राड काटकर बेडरूम अलमारी तोड़कर सोने का झुमका एक जोड़ी सोने के कंगन एक जोड़ी सोने के कड़े सोने का मंगलसूत्र चांदी का सिंदूर दानी चांदी की पायल व चूड़ी चांदी का चैन व लॉकेट 15000 कैश 42 इंच एलईडी टीवी आदि चोरों ने पर कर दी जिस पर अपराध क्रमांक 457 380 कायम किया गया। श्याम सुंदर नामक जिला बदर का पूर्व अपराधी कई वर्षों से थाने से महज आधे किलोमीटर की दूरी पर बीच बाजार सैलून की आड़ में सट्टा एवं दारू का व्यवसाय घूम घूम कर कर रहा है जिसे आज तक थाना चचाई छू तक नहीं पा रहा बल्कि उसे बुलाकर बीच-बीच में केस बनाकर कार्यवाही की गाथा लिख दी जाती है। इसी श्याम सुंदर का सहपाठी समीम कबाडी ताप विद्युत गृह परिक्षेत्र में दरवाजा खिड़की चोरी कर कबाड़ खरीदने का काम करवाता है जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण मंडल की खाली आवासों का खंडहर रूप में होना है। ताप विद्युत गृह के कर्मचारियों अधिकारियों ने दर्जनों बार लिखित ज्ञापन थाना चचाई, पुलिस अधीक्षक, मुख्य अभियंता को देने के बाद भी आज तक कोई भी अपराधी का ना पकड़ा जाना थाना चचाई की खुलेआम लापरवाही को दर्शाता है। हर उपाय करने के बाद भी अपराधों पर अंकुश न लगने की दशा में मंडल कर्मचारी अधिकारी व्यापारी वर्ग एवं आम नागरिक कभी भी आंदोलन का रुख अपना सकते हैं इस बार भी थाना चचाई पुलिस अधीक्षक व मुख्य अभियंता को ज्ञापन दे कार्रवाई की उम्मीद यहां के वाशिंदे लगाए बैठे हैं साथ ही विद्युत उत्पादन में रुकावट ना हो मुख्य अभियंता को सामने आ पुलिस के उच्च अधिकारियों से बात करनी होगी।

## खबर संक्षेप

### नर्मदा परिक्रमावासियों को कराया भोजन

**हरिभूमि न्यूज - करेली ।** विगत दिवस को विप्र महिला मंडल द्वारा नर्मदा भक्त मां नर्मदा की पद परिक्रमा वासियों को प्रसादी तथा रात्रि विश्राम कराया गया । जानकारी देते हुये बताया गया कि परिक्रमा वासियों को शिव मंदिर धर्मशाला करेली बस्ती में ठहराया गया तथा विप्र नारी शक्ति सेवा संस्था द्वारा उनकी भोजन एवं रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई । उक्त अवसर पर संभाग अध्यक्ष कुमारी प्रज्ञा शर्मा , जिला महामंत्री श्रीमती अरुणा आनंद शर्मा और तहसील अध्यक्ष श्रीमति उषा रानी शर्मा की उपस्थिति एवं समस्त विप्र महिलाओं की उपस्थिति रही ।

### गुड फ्राइडे पर कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** शुक्रवार को स्थानीय सच्चिदानंद आश्रम मे गुड फ्राइडे पर कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमे मसीही समाज द्वारा फादर एंटो के मार्गदर्शन में प्रभु यीशु के बलिदान दिवस पर प्रकाश भवन से सच्चिदानंद आश्रम तक एक यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में प्रभु यीशु की प्रार्थना की गई। उसके उपरांत रक्तदान शिविर अयोजित किया गया जिसमे अनेको लोंगो द्वारा रक्तदान किया गया । उक्त कार्यक्रम मे जिला अस्पताल की टीम डा आयु गुप्ता, आर के नावकर, विष्णु बाल्मीकि एवं शाहरुख खान सहित मसीही समाज के सभी पदाधिकारी ,पुरुष एवं महिला टीम की उपस्थिति रही।

### पनागर चेक पोस्ट पर 87 हजार रुपए जप्त

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले द्वारा दिये गये निदेर्शों के परिपालन में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र गाडरवारा के एसएसटी चेक पोस्ट पनागर में उड़नदस्ता दल क्रमांक 3 द्वारा आज भोपाल से आ रहे अखिलेश ठाकुर के वाहन की तलाशी लेने पर 87 हजार 500 रुपये की राशि मिली। उक्त राशि से संबंधित दस्तावेज उनके पास नहीं पाये गये। इस पर उक्त राशि जब्त कर पंचनामा तैयार किया गया।

केंद्रीय विद्यालय में कक्षा प्रथम के लिए ऑनलाइन आवेदन कल से

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर । केंद्रीय विद्यालय में कक्षा प्रथम के लिए 1 अप्रैल 2024 से 15 अप्रैल 2024 तक ऑनलाइन फॉर्म जमा होंगे एवं बाल वाटिका तीन के लिए 1 अप्रैल से 15 अप्रैल 24 तक ऑफलाइन जमा होंगे।

### ध्रुविका स्कूल में प्रथम



**हरिभूमि न्यूज - करेली।** खरया इंग्लिश स्कूल केईएस विद्यालय के स्थानीय परिणाम घोषित किये गये दूसरी कक्षा में बिटिया रानी ध्रुविका गुप्ता सुपत्री जितेन्द्र, रुचिता गुप्ता ने एक्सीलेंट ग्रेड के साथ 99.75 प्राप्तांक के साथ विद्यालय में पहली पायदान प्राप्त की। होनहार चंचल, सिद्दी की सफलता पर परिवारजनों व शुभचिंतकों ने बधाई, आशीर्वाद देते हुए शुभकामनाएं दी है।

### गौरव एवं अश्विन का सुयश



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के छात्र गौरव कोरी ने कक्षा आठवीं में एवं अश्विन कोरी कक्षा चौथी में अच्छे अंकों से सफलता अर्जित की है। उनकी इस सफलता पर माता-पिता सहित परिवार के सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी हैं। उल्लेखनीय है कि दोनों छात्र नगर के प्रतिष्ठित पत्रकार विनोद कोरी के सुपुत्र हैं। गौरव और अश्विन की इस सफलता पर उनके शुभचिंतकों, मित्रों एवं शाला परिवार ने उनके उज्वल भविष्य की कामना कर बधाइयां प्रेषित की हैं।

प्रचार प्रसार में जुटे कार्यकर्ता व पदाधिकारी

# नर्मदापुरम लोकसभा सीट में भाजपा व कांग्रेस के बीच है मुकाबला



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** लोक सभी चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मी बढ़ती हुई नजर आने लगी है । वही भाजपा द्वारा नर्मदापुरम लोक सभा सीट के लिये चौ. दर्शन सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है वही कांग्रेस द्वारा पूर्व विधायक संजय शर्मा को प्रत्याशी बनाया गया । नर्मदापुरम लोकसभा क्षेत्र मे मुख्य मुकाबला भाजपा व कांग्रेस के मध्य ही होना तय है । वही अन्य दलों द्वारा अभी कोई सूचना व प्रत्याशियों के नामों की कोई सूचना जारी नही की है । हालांकि उक्त लोक सभा क्षेत्र मे पूर्व से ही भाजपा व कांग्रेस मे मुकाबला होता चला आ रहा है । नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र होशंगाबाद अपने आप में एक महत्वपूर्ण क्षेत्र माना जाता है। इस क्षेत्र से हरि विष्णु कामथ से लगाकर रामेश्वर नीखरा सुंदरलाल पटवा सरताज सिंह और राव उदयप्रताप सिंह तक का यादगार कार्यकाल रहा है।

### प्रदेश की अहम सीट है नर्मदापुरम

इस लोकसभा सीट पर सर्वाधिक सरताज सिंह छतवाल ने इस क्षेत्र पर प्रतिनिधित्व किया है। यहां पर कांग्रेस और भाजपा ने आठ-आठ बार तथा प्रसपा दो एवं एक बार भालोद ने प्रतिनिधित्व किया है। पिछली बार लोकसभा चुनावों के पन्ने पलटा कर यदि परिदृश्य देखें तो यहां राव उदयप्रताप सिंह ने रिकार्ड मत अर्जित कर संपूर्ण भारत वर्ष में टाप सूची में शामिल होने का गौरव प्राप्त किया था। विधानसभा चुनावों को देखते हुए भाजपा ने इस नया प्रयोग करते हुए सांसद राव उदयप्रताप सिंह को गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतारा और जिले की चारों सीटों में सर्वाधिक मतों से जीतने का रिकॉर्ड कायम किया। अब इस बार देखना होगा कि फिजा का क्या रंग है और किस दल को इस संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व का मौका जनता देती है ।

### भाजपा व कांग्रेस मे है मुकाबला

भाजपा ने प्रदेश किसान मोर्चा के अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी को मैदान में उतारा है। जो इस क्षेत्र के लिए कोई नया चेहरा नहीं है समय-समय पर किसान आन्दोलनों और सामाजिक कार्यक्रमों में इनकी उपस्थिति से क्षेत्र में जाना पहचाना चेहरा है। अब इनके सामने कांग्रेस द्वारा पूर्व विधायक संजय शर्मा को मैदान मे उतारा है हालांकि संजय शर्मा का भी उक्त लोक सभा क्षेत्र मे काफी चर्चित नाम है श्री शर्मा भाजपा व कांग्रेस दोनो दलों से तेंदुखेड़ा विधानसभा से विधायक रह चुके है वही इस बार के विधानसभा चुनाव मे उन्हे भाजपा प्रत्याशी द्वारा लगभग सात हजार से अधिक मतों से हराया था और पुनः अब वह लोक सभा प्रत्याशी बनाये गये है । पूरी तरह से मुकाबला भाजपा व कांग्रेस के मध्य ही होना तय है दोनो दलों द्वारा अपने प्रत्याशियों को जिताने के लिय भरसक प्रयास करते हुये प्रचार प्रसार का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है ।



### 8 विधानसभा सीट है शामिल

नर्मदापुरम - नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र में नरसिंहपुर जिले की तीन, रायसेन जिले की एक एवं नर्मदापुरम जिले की चार सीटें शामिल हैं। जिसमें नरसिंहपुर, तेंदूखेड़ा, गाडरवारा, उदयपुरा, सिवनी, मालवा, सोहागपुर, पिपरिया, नर्मदापुरम विधानसभा क्षेत्र प्रमुख रुप से शामिल हैं। इन आठों विधानसभा क्षेत्रों में 26 अपै्रल को मतदान होगा । प्रशासन द्वारा मनदान को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है । प्रत्याशियों तथा उनके समर्थकों द्वारा प्रचार प्रसार का कार्य भी जारी कर दिया गया । दोनो दलों द्वारा अपने प्रत्याशी को जिताने के लिये पूरी ताकत के साथ प्रचार किया जा रहा है । प्रत्याशियों द्वारा अपने समर्थकों के साथ गांव - गांव जाकर जन संपर्क किया जा रहा है ।

## रासेयो शिविर में विविध कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम खापा में 25 से 31 मार्च तक आयोजित हो रहा है। शिविर के प्रथम दिवस उद्घाटन कार्यक्रम और राष्ट्रीय सेवा योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। द्वितीय दिवस विद्यालय प्रांगण में स्वच्छता अभियान, बौद्धिक परिचर्चा, खेलकूद गतिविधियां, आदि आयोजित की गई। तृतीय दिवस बौद्धिक परिचर्चा में शासकीय हाई स्कूल खापा प्राचार्य एसके बक्शी कार्यक्रम अधिकारी शरद गुप्ता ने नशा मुक्ति पर स्वयंसेवकों को संबोधित किया। कार्यक्रम अधिकारी शरद गुप्ता ने बताया कि एन एस एस का उद्देश्य सामुदायिक सेवा के माध्यम से स्वयंसेवकों का व्यक्तित्व विकास करना है। स्वयंसेवक प्रत्येक दिवस शिविर दर्पण निर्माण का कार्य भी करते हैं। तथा चतुर्थ दिवस दीवारों पर मतदाता जागरूकता तथा राष्ट्रीय सेवा योजना से संबंधित नारों का भी लेखन किया गया।शिक्षक ओंकार गिर गोस्वामी, गेंदालाल काछी, विकास गुप्ता,यश गुप्ता, प्रशांत नामदेव शिविर में अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

## जाट महिला सभा द्वारा होली मिलन व खेल प्रतियोगितओं का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** इस वर्ष भी जाट महिला सभा द्वारा होली एवं रंग पंचमी पर्व को लेकर होली मिलन एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विविध कार्यक्रमों के बीच महिलाओं ने गाते-बजाते हुए रंगों के पर्व पर होली मिलन उत्सव श्रीमती राव आशा सिंह के निवास बाखर परिसर में मनाया । इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने एक दूसरे को रंग पर गुलाल से सराबोर किया एवं कई महिलाओं ने विचार रखे । साथ ही गीत संगीत से समाज और क्षेत्र के विकास में योगदान देने का संदेश देते हुए सामाजिक कुरीतियों को मिटाने का आव्हान किया। शिक्षा पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान ज्ञानवर्धक व मनोरंजक प्रतियोगिता भी हुईं। कार्यक्रम के प्रारंभ में समाज की अध्यक्ष मिथिलेश जाट ने स्वागत भाषण देते हुए पिछले कार्यक्रमों का प्रतिवेदन रखा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संगठन की सदस्य और पदाधिकारी मौजूद थीं।

## संभाग स्तरीय विद्यालीय व्हालीवॉल प्रतियोगिता संपन्न, नरसिंहपुर ने मारी बाजी



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** जिला मुख्यालय स्थित स्टेडियम ग्राउंड मे दो दिवसीय विद्यालीय बालक, बालिका वर्ग संभाग स्तरीय बालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता के संबंध मे बताया गया कि 28 व 29 मार्च को शास. उत्कृष्ट विद्यालय व्हालीवाल स्टेडियम ग्राउण्ड नरसिंहपुर में आयोजित की गई। जिसमें सिवनी, जबलपुर एवं मेजबान नरसिंहपुर की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का समापन तथा फाइनल मुकाबला नेहरू स्कूल नरसिंहपुर व सेंट गेब्रियल स्कूल जबलपुर मध्य खेला गया जिसमे नरसिंहपुर की टीम प्रथम तथा जबलपुर से सेंट गेब्रियल स्कूल की टीम द्वितीय स्थान पर रही। विजेता और उपविजेता टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 10 एवं 11 अप्रैल को भाग लेंगी। इस प्रतियोगिता का आयोजन पहली बार किया जा रहा है जिसमे एक ही स्कूल में अध्ययनरत 17 वर्ष से कम आयु समूह के छात्र भाग ले सकेंगे। राज्य स्तर पर क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 3 लाख, 2 लाख एवं 1 लाख इनामी राशि प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता के समापन अवसर जिला शिक्षा अधिकारी एच पी कुर्मी, जिला क्रीड़ा अधिकारी संजय कंजर डा. एस के पाल, कु. प्रांशी अग्रवाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य ए के चौबे, योगेश शर्मा, जोनल सचिव मनीष कटारे, देवेश वैद्य, अजय सोनी, पंकज नेमा, संदीप तिवारी, अमित कहार, विक्रम शर्मा, शाकिर हुसैन, रोहित विश्वकर्मा, नवनीत पटैल आदि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता को सुचारू रूप से संचालन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा गठित समितियों एवं प्रतियोगिता में संभागीय जिलों के खिलाड़ी एवं कोच मैनेजर की सक्रियइ भूमिका रही ।

## नागरिकों के लिये भारत निर्वाचन आयोग का सी-विजिल मोबाईल एप

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** भारत निर्वाचन आयोग ने सी-विजिल नामक एक सरल लेकिन प्रभावी मोबाईल एप डिजाइन और विकसित की है। यह मोबाईल एप्लीकेशन निर्वाचन के दौरान जागरूकता, विश्वास और आत्मविश्वास पैदा करके नागरिकों के साथ विश्वास आधारित साझेदारी को सुगम बनाता है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सी-विजिल मोबाईल एप निर्वाचनों के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने जैसे रिश्वतखोरी, मुफ्त उपहार, शराब वितरण, अनुमत्य समय के बाद लाउडस्पीकर बजाने वालों के खिलाफ नागरिकों को रिपोर्ट करने के लिए सशक्त बनाता है। इस मोबाइल एप का उपयोग करके नागरिक लाइव फोटो या वीडियो कैप्चर तैयार करते हैं। निर्वाचन तंत्र उल्लंघन का साक्षयिक सबूत मिलते ही तुरंत कार्रवाई करने के लिए तैयार हो जाता है। हर सी-विजिल मामले पर कार्रवाई की जाती है और 100 मिनट की समयावधि के दौरान की गई कार्रवाई के साथ वापिस जवाब भेजा जाता है। इसे मोबाईल के प्ले स्टोर में जाकर सी-विजिल मोबाईल एप डाउनलोड किया जा सकता है।

## पिस्टल व जिंदा कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** गत दिवस थाना क्षेत्र गोटेगांव पुलिस द्वारा एक देशी पिस्टल एवं एक जिन्दा कारतूस के साथ एक आरोपी थाना गोटेगांव की गिरफ्त में लिया । आपरेशन प्रहार के तहत थाना गोटेगांव पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुयी कि राहुल विश्वकर्मा निवासी मरघटाई रोड गोटेगांव जो कि जबलपुर की ओर से आ रहा है एवं अपने पर एक पिस्टल रखे हुये है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी की गयी जिसके परिणाम स्वरूप आरोपी राहुल विश्वकर्मा को गिरफ्त में लेकर तलाशी ली गयी तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्टल एवं एक जिन्दा कारतूस अवैध रूप से रखे पाये जाने से उसे गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 273/2024 धारा 25 एवं 27 आर्म्स एक्ट पंजीवद्ध किया गया एवं आरोपी द्वारा उपयोग की गयी मोटर साईकिल क्रमांक एमपी 20 जेडए 8651 भी जप्त की गयी है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक सहदेवराम साहू, सउनि जे.पी. धुर्वे, प्रधान आरक्षक प्रेमशंकर हरद्वाज, आरक्षक सुमित जखमोला, की सराहनीय भूमिका रही है।

### रुपेश पटेल को पुत्री रत्न की प्राप्ति



**नरसिंहपुर।** स्थानीय संजय वार्ड के प्रतिष्ठित नागरिक रुपेश पटेल की पुत्रवधू पुष्पा को पुत्रीरत्न की प्राप्ति हुई। पुत्रीरत्न की प्राप्ति पर पुत्री के दादा बालाप्रसाद पटेल एवं दादी सपना पटेल के अलावा शुभचिंतकों, मित्रों ने पुत्रीरत्न की प्राप्ति पर खुशी जाहिर की।

### पुल के पिलर के बाजू से स्नान हेतु किया जाये प्रतिबंधित

**तेंदूखेड़ा-** पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तट ककरा घाट पर बने पुल के पिलर दुर्घटनाओं के कारण बनते चले जा रहे है। महत्वपूर्ण विषय यह है कि इन पिलरों के बाजू से खाइनुमा गड्ढे हो जाने के कारण अनभिज्ञ लोग इस गहराई मे जाकर डूब जाया करते है। और असमय काल के गाल मे समा जाते है। इन पिलरों के बाजू से अनेकों ऐसी हृदय विदारक घटनायें घटित हो चुकी है। जिनके परिवारों के चिराग ही बुझ गये है। विगत दिनों धुरेड़ी के दिन घटित हुई घटना ने जनसामान्य को झजकोर कर रख दिया है। चूंकि लोग इसे नियति और पूर्व जन्मों के अपने विषयों को लेकर जोड़कर मन मोटा कर लेते है। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि यदि इन पिलरों के नीचे नहाना प्रतिबंधित कर दिया जाता है विशेष प्रकार से नेट या जाली बांध कर विशेष सुरक्षा के साथ सूचनात्मक फ्लैक्स जानकारी लगा दी जाये उससे भी एक सुरक्षा कुछ हद तक की जा सकती है। और अपरिचित लोग भी इन पिलरों से नहाते वक्त दूर बने रहेंगें। चूंकि ककरा घाट जनास्थाओं का केंद्र बन जाने के साथ यहां पर तेंदूखेड़ा गाडरवारा रायसेन और सागर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बड़ी संख्या मे यहां पर स्नान हेतु पंहुचा करते है। अनभिज्ञ और जिनसे तैरते नहीं बनता वे युवा भी यहां पर गहरे पानी मे जाकर फस जाते है। और डूबने से उनकी असमय दर्दनाक मौत हो जाती है। इस विषय का जनपद पंचायत चांवरपाठा के साथ साथ जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों को प्राथमिकता से सुरक्षा की दृष्टि से उचित पहल करनी चाहिये।

## जागरूकता रैली निकाल कर किया मतदाताओं को जागरूक


**तेंदूखेड़ा-**आगामी लोकसभा निर्वाचन- 2024 के अंतर्गत जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन एवं जिला नोडल स्वीप व सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार के मार्गदर्शन में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।



**मतदाता जागरूकता रैली निकाली**

तहसील मुख्यालय तेंदूखेड़ा में लोकतंत्र के सबसे बड़े त्यौहार मतदान दिवस पर निष्पक्ष निर्भीक होकर शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती संघमित्रा गौतम के नेतृत्व में मुख्य मार्गो से एक जन जागरण रैली नगर के मुख्य मार्गो से निकाली गई। इसके पूर्व नगर परिषद तेंदूखेड़ा परिसर में एकत्रित परिषद के अधिकारियों कर्मचारियों तथा शासकीय महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को निष्पक्ष निर्भीक होकर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए सभी को प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई।रैली को हरी झंडी दिखाकर अनुविभागीय अधिकारी ने रवाना किया तथा कर्मचारी जन जागरण करते हुए देखे गए। इसी कड़ी में तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चावरपाठा विकासखंड के ग्राम पंचायत बंधी और रमपुरा में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। ग्राम में महिला मतदाताओं की संगोष्ठी का आयोजन किया गया, महिला मतदाताओं ने स्वीप से सम्बन्धित सेल्फी प्वाइंट पर अपनी सेल्फी लेकर मतदान करने की शपथ ली गई। ग्राम बंधी में रैली का आयोजन कर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई। ग्राम रमपुरा में नारे लेखन का मतदाताओं को जागरूक किया गया। ग्राम के मतदाताओं ने रैली निकाल मतदातों को दिनांक 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## कल स्कूलों में मनाया जावेगा प्रवेश उत्सव, बैठक सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार जिले मे 1 अप्रैरल को प्रवेश उत्सव मनाया जावेगा जिसमे कक्षा पहली से आठवीं के शासकीय विद्यालयों में नवीन शिक्षण सत्र 2024-25 के लिए 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के संबंध जिला स्तर से अकादमिक ए पी सी यजुवेंद्र सिलावट द्वारा ऑनलाइन बैठक जिले के समस्त जनशिक्षा केंद्र में बैठक आयोजित कर नवीन शिक्षण सत्र में की जाने वाली शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी समस्त संस्था प्रमुख को दी गई। सत्र 2023-24 में कक्षा 1 से 7 एवं कक्षा 8 से 11 तक अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओ की नामाकन की कार्यवाही 1 अप्रैल को पूर्ण करली जाये। छात्रों में अध्ययन-अध्यापन के प्रति निरंतरता बनी रहे जिसके लिए सत्र के प्रारंभ में ही विद्यार्थियों में विज्ञान, गणित एवं भाषा विषय की कठिन अवधारणाओं का अभ्यास करवाना जिससे माह जून से पाठ्यक्रम अनुसार पढाई में कोई कठिनाई न हो। 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक नवीन शिक्षा सत्र का प्रचार-प्रसार ,बाल सभा का आयोजन पालकों को छात्रों की प्रगति से अवगत कराना,1 अप्रैल को प्रत्येक प्राथमिक माध्यमिक विद्यालय में प्रवेशोत्सव मनाया जायेगा एवं विशेष भोज (मध्यान्ह भोजन) का आयोजन किया जाएगा। नामांकन कक्षा 1 में प्रवेश लेने वाले बच्चों एवं शाला से बाहर बच्चों का चिन्हांकन, पहली कक्षा में प्रवेश के लिए आगनवाडी केन्द्र पर बच्चों और पालको से सम्पर्क अप्रैल माह की शैक्षणिक गतिविधियां की जाएगी।